# चित्रकूट-पुलिस

(1). “मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5.0’

सम्मान, स्वालंबन को समर्पित मिशन शक्ति फेज-5.0’ पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानो की एंटीरोमियों टीमों द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत थाना क्षेत्र में जनचौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई ।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve

Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री मुन्नीलाल तथा उनके हमराहीगण द्वारा अभियुक्त मनीष कुमार शुक्ला उर्फ पप्पू पुत्र प्रभुदयाल शुक्ला निवासी अटलनगर थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 03/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

01 अदद देशी तमंचा 315 बोर

01 अदद कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री मुन्नीलाल

2.आरक्षी सोनपाल

3.आरक्षी शुभम त्रिपाठी

4.आरक्षी राकेश कुमार

(3). आज दिनाँक-13.10.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक/वित्तीय संस्थानों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया एवं डियूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये एवं सतर्कतापूर्वक डियूटी करने हेतु बताया गया । बैंक में लगे अलार्म/सायरन, सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर चेक किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहे है या नहीं तथा शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी । बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर कर निर्देश दिये गये ।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में थाना पहाड़ी पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद किया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 12.10.2025 को एक वादी द्वारा थाना पहाड़ी में सूचना दी थी कि धीरज पुत्र रामदिनेश उनकी 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। सूचना के आधार पर थाना पहाड़ी में मु0अ0सं0 181/2025 धारा 137(2) बीएनएस बनाम धीरज पुत्र रामदिनेश पंजीकृत किया गया था। थानाध्यक्ष पहाड़ी द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं पीड़िता की बरामदगी हेतु उ0नि0 श्री सुरेश प्रताप सिंह को निर्देशित किया गया। उ0नि0 श्री सुरेश प्रताप सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए मुखविर की सूचना पर पीड़िता को दिनांक 12.10.2025 को पीड़िता को बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री सुरेश प्रताप सिंह

2. म0का0 स्वाती राजावत

(5). आज दिनांक 13.10.2025 को अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ0 बी0डी0 पाल्सन द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सलामी लेकर पुलिस लाइन प्रशिक्षण केन्द्र चित्रकूट में चल रही आरटीसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण द्वारा मूलभूत सुविधाओं, परेड ग्राउंड, बैरक, मेस एवं क्लासरूम का विधिवत भ्रमण करते हुए इनडोर ट्रेनिंग कोर्स में चल रही प्रशिक्षण व्यवस्था, अनुशासन,उपस्थिति एवं अन्य सुविधाओं को भी देखा गया। महोदय ने प्रशिक्षण में गुणवत्ता, समयबद्धता एवं व्यवहारिक कौशल को सर्वोच्च प्राथमिकता देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। साथ ही साथ फील्ड प्रैक्टिकल को अधिक प्रभावी व वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप बनाने के सुझाव दिए गये जिससे प्रशिक्षु आरक्षी आगामी पुलिस सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। महोदय द्वारा निरीक्षण के उपरांत परेड ग्राउण्ड में रिक्रूट आरक्षियों की ड्रिल को भी देखा तथा प्रशिक्षित आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, टीमवर्क एवं सेवा भावना को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा प्रशिक्षकगण व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगणों को प्रशिक्षण पद्धति में नवाचार और व्यवहारिक अभ्यास बढ़ाने हेतु निर्देशित किया ।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा,क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री यामीन अहमद,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली,प्रतिसार निरीक्षक श्री राम शीष यादव,आरटीसी प्रभारी श्री प्रदीप कुमार यादव, पीआरओं श्री प्रवीण कुमार सिंह,आरटीसी शिक्षकगण, आई0टी0आई एवं पी0टी0आई उपस्थित रहें।